वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)
Web: www.vbspu.ac.in Email:connectpuregistrar@gmail.com

पत्रांक : 664 /पू.वि.वि./सम्ब0/2025 दिनांक : 31 मई, 2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबन्धक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल वि0वि0, जौनपुर।

महोदय,

कृपया मूल रूप में संलग्न अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल सचिवालय,उत्तर प्रदेश,लखनऊ के पत्र संख्या:–ई 3458/32–जी0एस0/2025, दिनांक–27 मई, 2025 का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से दिनांक–दिनांक–21 जून, 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित थीम **"Yoga for One Earth, One Health"** के अनुसार अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक–21 जून 2025) पर प्रातः 07.00 बजे से 08.00 बजे के मध्य **"एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा"** कार्यक्रम कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

तदक्रम में मा0 कुलपति महोदया के आदेशानुसार आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने महाविद्यालय में उक्त कार्यक्रम कराते हुए उसी दिन कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो एवं उसकी संक्षिप्त रिपोर्ट **प्रो0 प्रमोद कुमार यादव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, मो0 नं0 8700141797** के ईमेल आई0डी0–**dsw.vbspu@gmail.com** पर भेजना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–यथोक्त

भवदीय,

कुलसचिव

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. वित्तअधिकारी/परीक्षा नियन्त्रक ।
2. प्रो0 प्रमोद कुमार यादव (संयोजक, योग दिवस–2025) अधिष्ठाता छात्र कल्याण, विश्वविद्यालय परिसर।
3. समस्त उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव।
4. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
5. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner

ई–मेल

# राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,
## लखनऊ–226027

पत्रांक ई– 3458/32–जी0एस0/2025
दिनांक: 27 मई, 2025

प्रेषक,

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति/निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषय: अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21.06.2025) पर प्रातः 07:00 बजे "एक साथ सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम सम्पन्न कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

माननीया कुलाधिपति महोदया जी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक दिनांक 05.05.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (दिनांक 21.06.2025) के अवसर पर आयुष मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित थीम "Yoga for One Earth, One Health" के अनुसार दिशा–निर्देश प्रदान करते हुए समस्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कार्य–योजना उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये थे।

2. माननीया कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा एवं निर्देश के अनुपालन में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21.06.2025) के अवसर पर राजभवन सहित समस्त राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में एक साथ "सूर्य नमस्कार योग मुद्रा" कार्यक्रम आयोजित करते हुए विश्व कीर्तिमान स्थापित किया जाना है।

3. इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त कार्यक्रम आयोजित करते हुए कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो, पेन ड्राइव पर तथा कार्यक्रम के सम्बन्ध में आख्या व प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या भौतिक रूप से दिनांक 24 जून, 2025 तक इस सचिवालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

( डॉ. सुधीर एम. बोबडे )
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव

Scanned with OKEN Scanner